पंजाब केसरी 05/02/2026

खुड़ा कलां में 7 दिवसीय एन.एस.एस. कैम्प शुरू

स्वयंसेवकों को समाज सेवा के कार्यों में निरंतर जुड़े रहने के लिए किया प्रेरित

अम्बाला, 4 फरवरी (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट की एन.एस.एस. इकाई द्वारा ग्राम खुड़ा कलां में आयोजित 7 दिवसीय विशेष एन.एस.एस. शिविर का शुभारम्भ किया गया। शिविर की थीम यूथ फॉर माय भारत तथा डिजिटल साक्षरता रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला संघ संचालक, अम्बाला प्रदीप खेड़ा, कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त, खुड्डा कलां के पूर्व सरपंच बृजपाल राणा तथा वर्तमान सरपंच धर्मपाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: प्रार्थना एवं एन.एस.एस. गीत के साथ हुई।

मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा के कार्यों में निरंतर जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया और युवाओं को जागरूक, जिम्मेदार तथा राष्ट्र हित में कार्य करने का संदेश दिया। उन्होंने भी समाज में डिजिटल साक्षरता, स्वच्छता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने पर बल दिया।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने एन.एस.एस. शिविर की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी तथा डिजिटल जागरूकता को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है और एन.एस.एस. इस दिशा में सार्थक भूमिका निभा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि प्रदीप खेड़ा व कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (चंदमोहन)

पूर्व सरपंच बृजपाल राणा ने अपने संबोधन में गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प दोहराया और स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। वहीं, वर्तमान सरपंच धर्मपाल ने कॉलेज की एन.एस.एस. इकाई के प्रयासों की सराहना करते हुए गांव के विकास कार्यों में निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।

शिविर में बृजेश गुप्ता ने योग कराया। शिविर में योग सत्र के होने से जिससे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा और अनुशासन का संचार हुआ। स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया और स्वस्थ जीवनशैली व सेवा भावना का संदेश दिया। स्वयं सेवकों ने यूथ फॉर माय भारत तथा डिजिटल साक्षरता विषय पर पोस्टर बनाए और एक भव्य रैली निकाली।

इस अवसर पर एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डा. पिंकी गुप्ता एवं डा. चंद्रपाल पुनिया तथा सलाहकार समिति के सदस्य राजिन्दर मीरवाल ने भी शिविर की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह शिविर विद्यार्थियों को जमीनी स्तर पर समाज से जोड़ने, सेवा भाव विकसित करने तथा सामाजिक समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने सभी अतिथियों और ग्रामवासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।